Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to introduce a law to control population

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): उपाध्यक्षजी, आज आपने मुझे एक महत्वपूर्ण मुद्दा सदन में उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा कि मैं डेढ़ मिनट में अपनी बात पूरी करूंगा।

उपाध्यक्ष महोदय, भारत पूरे विश्व में सर्वाधिक आबादी वाला दूसरा देश है। आज जिस तरीके से हमारे देश में आबादी बढ़ रही है, बहुत ही जल्दी भारत सर्वाधिक आबादी के मामले में पहले नम्बर पर आ जाएगा। सरकार की अनेक योजनाएं जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए कार्य कर रही हैं, लेकिन कुछ ऐसे विशेष लोग, विशेष धर्म और समुदाय के लोग हैं, जिन पर इन बातों का कोई असर नहीं पड़ता है। आज हर व्यक्ति इसके लिए चिन्तित है, कई सामाजिक संस्थाओं एवं सुदर्शन न्यूज के माध्यम से इस पर नियंत्रण करने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि जनसंख्या नियंत्रण के बारे में गंभीरता से कानून बनाकर लागू करना चाहिए और जो लोग इस पर अमल नहीं करते हैं, उनको सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रखना चाहिए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Bhairon Prasad Mishra and Dr. Manoj Rajoria are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhola Singh.